झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

23 July 2024

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 23 जुलाई का इतिहास

- **1555 :** सरहिंद में सिकंदर सूरी ने मुगल शासक हुमायूं को हराकर दिल्ली में प्रवेश किया।
- **1881 :** अंतर्राष्ट्रीय जिमनास्टिक संघ ने खेल संघ की स्थापना की। यह विश्व का सबसे पुराना खेल संगठन है।
- **1856 :** गणितज्ञ, ईश्वरवादी और उग्रवादी राष्ट्रवादी बाल गंगाधर तिलक का जन्म हुआ था।
- **1927 :** भारत में नियमित रेडियो प्रसारण की शुरूआत मुंबई से हुई
- **1903 :** मोटर कंपनी फोर्ड ने अपनी पहली कार की शुरूआत की।

## 23 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी ने अगले पांच वर्षो में भारतीय भाषाओं में 22,000 पुस्तकें तैयार करने के लिए अस्मिता परियोजना शुरू की। अस्मिता परियोजना का शुभारंभ उच्च शिक्षा सचिव संजय मूर्ति ने किया। यह शिक्षा प्रणाली में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई कई पहलों में से एक हैं। यह परियोजना का लक्ष्य पांच वर्षो के भीतर 22 भाषाओं में 1,000 पुस्तकें तैयार करना हैं। इस पहल के तहत जून 2025 तक कला, विज्ञान और वाणिज्य धाराओं को कवर करने वाली 1800 पाठ्यपुस्तकें तैयार की जाएगी।
- सरकार ने भारत का पहला टोल-फ्री राष्ट्रीय मादक पदार्थ निरोधक हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया। सरकार ने हेल्पलाइन 1933 शुरू की हैं जिसे मानस के नाम से भी जाना जाता हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नार्को समन्वय केंद्र की सातवीं शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान इसे लॉन्च किया। इससे लोग मादक पदार्थो के अवैध कारोबार और उससे जुड़े मुद्दों के बारे में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों को सूचना दे सकेंगे। मानस नाम की हेल्पलाइन का उद्देश्य हर नागरिक के लिए एक उपयोगकर्ता अनुकूल प्लेटफॉर्म स्थापित करना है, जहां वे आसानी से 24x7 नशीली दवाओं से जुड़े मामलों को रिपोर्ट कर सकें।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश के धार जिलों में भोजशाला परिसर में मौजूदा संरचना का निर्माण मंदिर के अवशेषों का उपयोग करके किया गया था। उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार एएसआई ने भोजशाला मंदिर कमल मौला मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया हैं। एएसआई ने अपनी रिपोर्ट मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ को सौंप दी हैं।
- सरकार ने नीति आयोग की संरचना में संशोधन किया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष बने रहेंगे। सुमन बेरी नीति आयोग के उपाध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे। पूर्णकालिक सदस्यों में कोई बदलाव नही हुआ हैं। पूर्णकालिक सदस्यों में वी के सारस्वत, प्रो. रमेश चंद, डॉ. वी के पॉल और आनंद विरयानी शामिल हैं।
- भारत ओर स्विटजरलैंड ने अगले 15 वर्षो में 100 बिलियन डॉलर के निवेश और 1 मिलियन नौकरियों का लक्ष्य रखा है।
- उत्तर प्रदेश सरकार कार्बन फाइनेंस के जरिए किसानों की आय बढ़ाएगी। इससे किसानों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने 36.50 करोड़ पौधे लगाए। यूपी सरकार ने 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य रखा हैं। किसान तेजी से बढ़ाने वाले पेड़ जैसे चिनार, मेलिया, दुबिया और सेमल लगाकर कार्बन क्रेडिट से अतिरिक्त आय प्राप्त करेंगे।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने नवीनतम पूर्वानुमान में 2024 के लिए भारत के विकास अनुमानों को पहले के 6.8% से बढ़ाकर 7% कर दिया हैं। इससे भारत उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा। आईएमएफ ने वर्ष 2025 के लिए भारत की विकास दर 6.5% रहने का अनुमान लगाया हैं। इसने विकास पूर्वानुमान का श्रेय मजबूत एवं सुदृढ़ घरेलू मांग तथा बढ़ती कार्यशील जनसंख्या को दिया। 2024 में वैश्विक वृद्धि में भारत और चीन की वृद्धि का योगदान लगभग आधा होगा।
- सीईपीआई के तहत एशिया की पहली स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित प्री-क्लिनिकल नेटवर्क सुविधा का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन फरीदाबाद स्थित ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजीज इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्रीय केंद्र में किया गया। महामारी तैयारी नवाचारों के लिए गठबंधन ने बीएसएल3 रोगजनकों को संभालने के लिए अपनी क्षमता के आधार पर बीआरआईसी टीएचएसटीआई को प्री-क्लीनिकल नेटवर्क प्रयोगशाला के रूप में चुना है।
- सरकार द्वारा भारत के लिए ई-मोबिलिटी आरएंडडी रोडमैप जारी किया गया हैं। यह एक व्यापक रोडमैप है जिसका उद्देश्य भारत को इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी में विश्व नेता के रूप में स्थापित करता हैं। नई दिल्ली के विज्ञान भवन एनेक्सी में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने रोडमैप लॉन्च किया। ऊर्जा भंडारण सेल, ईवी समुच्चय, सामग्री और रीसाइक्लिंग और चार्जिंग और ईंधन भरना रोडमैप के चार मुख्य केंद्र बिंदु है।

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में दूसरा एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा ?**

(A) चीन (B) भारत
(C) जापान (D) इंडोनेशिया

**(B)** भारत 11 और 12 सितंबर को दूसरे एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है, जिसमें चीन और पाकिस्तान सहित लगभग 40 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। एशिया प्रशांत क्षेत्र में वैश्विक हवाई यातायात एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है, ओर भारत विश्व का सबसे तेजी से बढ़ा हुआ पर्यटन बाजार है। पहला एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 2018 बीजिंग में आयोजित किया गया था।




**2. हाल ही में किस राज्य सरकार ने पुलिस खनन और जेल विभाग की भर्ती में अग्निवीरों को 10% आरक्षण दिया है ?**

(A) हरियाणा (B) गुजरात
(C) तेलंगाना (D) राजस्थान

**(A)** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अग्निवीरों को हरियाणा में कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ के पदों पर सीधी भर्ती में 10% आरक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को ग्रुप डी में भर्ती होने पर तीन साल की आयु में छूट भी मिलेगी। यह छूट पहले बैच के लिए पांच साल होगी।



**3. हाल ही में बेलारूस द्वारा 35 यूरोपीय देशों के लिए वीजा मुक्त नीति शुरू की गई है, यह कब तक जारी रहेगी ?**

(A) 31 अगस्त 2024 (B) 30 सितंबर 2024
(C) 29 नवंबर 2024 (D) 31 दिसंबर 2024

**(D)** यह नीति 19 जुलाई 2024 से शुरू की गई है। यह इस वर्ष 31 दिसंबर तक जारी रहेगी। बिना वीजा के यूरोपीय संघ के सदस्यों और यूनाइटेड किंगडम सहित 35 देशों के नागरिक एक बार में 30 दिनों तक बेलारूस में प्रवेश कर सकते हैं। बेलारूस के विदेश मंत्रालय के एक बयान में अनुसार बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको सड़क ओर रेल चौकियों पर वीजा की आवश्यकता के बिना 35 यूरोपीय देशों के लोगों के अस्थायी प्रवेश और ठहरने का समर्थन करते है।




**4. हाल ही में किस बैंक ने अमृत वृष्टि सावधि जमा योजना शुरू की है ?**

(A) PNB (B) SBI
(C) RBI (D) BOB

**(B)** हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक ने नई फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम शुरू की है। इसका नाम अमृत वृद्धि है। इसमें आपके पास ज्यादा ब्याज कमाने का मौका है। यह स्कीम भारतीय और NRI दोनों ग्राहकों के लिए हैं। यह खास एफडी आप एसबीआई ब्रांच, इंटरनेट बैंकिंग ओर YONO ऐप से खुलवा सकते है।




**5. हाल ही में किस राज्य सरकार ने निजी नौकरियों में 50-75% कन्नड़ लोगों को शामिल करने का आदेश दिया है ?**

(A) कर्नाटक (B) केरल
(C) आंध्रप्रदेश (D) ओडिशा

**(A)** हाल ही में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घोषणा की कि राज्य मंत्रिमंडल ने कन्नड़ लोगों के लिए निजी उद्योगों और गैर-प्रशासनिक भूमिकाओं के लिए 75% आरक्षण अनिवार्य करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। कर्नाटक सरकार ने निजी क्षेत्र के संगठनों, उद्योगों और उद्यमों में कन्नड़ लोगों के लिए कोटा प्रदान करने के उद्देश्य से विवादास्पद नौकरी आरक्षण विधेयक को अस्थायी रूप से स्थगित करने का फैसला किया।



Contact : 8084818282, 9113365645

**6. हाल ही में मॉरीशस में भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्धघाटन किसने किया ?**

(A) नरेंद्र मोदी (B) अमित शाह

(C) एस. जयशंकर (D) प्रविंद कुमार जगन्नाथ

**(C)** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में भारत के पहले विदेश जन औषधि केंद्र का उद्धघाटन किया। जयशंकर ने कहा कि भारत मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना लागत प्रभावी, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति करेगी। इससे पहले भारतीय अनुदान सहायता से मॉरीशस के ग्रैंड बोइस में मेडिक्लिनिक परियोजना का उद्धघाटन डॉ. जयशंकर ने किया था।



**7. हाल ही में किस देश के खिलाडी थॉमस मुलर ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया है ?**

(A) जापान (B) जर्मनी

(C) स्पेन (D) श्रीलंका

**(B)** जर्मनी के थॉमस मुलर ने यूरो 2024 के समापन के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। 34 वर्षीय मुलर ने राष्ट्रीय टीम के लिए 131 मैच खेले, 45 गोल किए और 2014 में विश्व कप जीता। उन्होंने कहा मुझ हमेशा अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व था और मै सभी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।



**8. हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने किसके सहयोग से अस्मिता परियोजना की शुरूआत की है ?**

(A) UGC (B) नीति आयोग

(C) UNICEF (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में यूजीसी के नेतृत्व में भारतीय भाषा समिति के सहयोग से अस्मिता का लक्ष्य अगले पांच वर्षो में 22 अनुसूचित भाषाओं में 22,000 पुस्तकें प्रकाशित करना है। यह नई पहल शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए यूजीसी और मंत्रालय के तहत एक उच्चस्तरीय समिति भारतीय भाषा समिति का संयुक्त प्रयास होगा।



**9. हाल ही में एशिया की पहली स्वास्थ्य अनुसंधान संबंधी प्री क्लिनिकल नेटवर्क सुविधा का उद्धघाटन कहां किया गया है ?**

(A) मुंबई (B) नई दिल्ली

(C) फरीदाबाद (D) लखनऊ

**(C)** हाल ही में मंत्री डॉ. आमिर सिंह ने हेल्थ रिसर्च एसोसिएटेड प्री क्लिनिकल नेटवर्क फैसिलिटी का उद्धघाटन किया। यह संस्थान, जिसमें एपिडेमिक प्रिपर्डनेस इनोवेशन का चयन किया गया है, एशिया की पहली और वैश्विक रूप से 9वीं डेमोक्रेटिक रूप स्तर के पैथोजन्स को प्रारंभिक सुविधा के रूप में महत्वपूर्ण है। यह सुविधा भारत की सबसे बड़ी छोटे उद्योगों के लिए आवास क्षमता में से एक है।



**10. हाल ही में CSIR चीफ को 02 साल का एक्सटेंशन मिला है उनका नाम क्या है ?**

(A) एन कलईसेलवी (B) अजोय मेहता

(C) संजय मारीवाला (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में भारत के प्रमुख अनुसंधान समूह वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की पहली महिला महानिदेशक एन. कलईसेवी को दो वर्ष का कार्यकाल विस्तार दिया गया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 2026 तक दो वर्ष के लिए विस्तार को मंजूरी दी।

